करणीनगर में 205 पौधों की हरियाली का दो वर्ष पूरा, वृक्षों की पूजा कर मनाई 'हरित वर्षगांठ'





कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। करणीनगर-लालगढ़ क्षेत्र में जनसहयोग से विकसित हरित अभियान ने पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। करणीनगर एवं समता नगर के निवासियों द्वारा दो वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए पौधारोपण अभियान की सफलता के उपलक्ष्य में गुरुवार को लहलहाते वृक्षों की दूसरी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य पर्यावरणप्रेमी नागरिकों ने कदंब, पीपल, बरगद, खजूर एवं बिल्वपत्र सहित विभिन्न वृक्षों की पूजा-अर्चना कर उन्हें रक्षा सूत्र बांधे। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया तथा रेडमशीरा के पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षों की वर्षगांठ मनाकर इस अनूठे नवाचार को आगे बढ़ाया गया। उल्लेखनीय है कि 30 जुलाई 2024 को नवीन अंबेडकर भवन से बालाजी जनरल स्टोर तक मुख्य सड़क के किनारे लगभग 115 पौधे लगाए गए थे। वहीं पुलिस क्वार्टर चौराहे से प्राइवेट बस स्टैंड मार्ग पर भी 90 पौधों का रोपण किया गया था। इस प्रकार कुल 205 पौधे जनसहयोग से लगाए गए, जिनमें आम, जामुन, बिल्वपत्र, कदंब, आंवला, नीम, पीपल, करंज, गुलमोहर, कचनार, अर्जुन, अंजीर, रोहिड़ा, शीशम एवं खेजड़ी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। क्षेत्रवासियों द्वारा नियमित सिंचाई, संरक्षण एवं सतत देखरेख के कारण दो वर्ष बाद भी सभी पौधे शत-प्रतिशत जीवित हैं और अब बड़े होकर हरियाली की सुंदर मिसाल बन चुके हैं। यह अभियान सामाजिक वानिकी (Social Forestry) की भावना को साकार करते हुए लोगों का, लोगों के लिए और लोगों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है।

'बीकावाकी पौधारोपण तकनीक' बनी सफलता का आधार

इस अभिनव पद्धति को 'बीकावाकी पौधारोपण तकनीक' नाम दिया गया है। इस तकनीक की विशेषता यह है कि पौधों की वृद्धि के प्रारंभिक दो वर्षों तक किसी प्रकार की कटाई-छंटाई नहीं की जाती, क्योंकि पत्तियां पौधों के लिए भोजन का प्रमुख स्रोत होती हैं तथा तना स्वाभाविक रूप से मजबूत बनता है। साथ ही पौधों के आसपास उगने वाले खरपतवार को भी नहीं हटाया जाता। इससे भूमि की नमी सुरक्षित रहती है, तापमान नियंत्रित रहता है तथा खरपतवार सड़कर प्राकृतिक खाद का कार्य करते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और पौधों का विकास अधिक स्वस्थ एवं तेजी से होता है। करणीनगर की यह पहल आज पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सामाजिक वानिकी का अनुकरणीय मॉडल बनकर अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

बिना रॉयल्टी ग्रिट से भरा डम्पर पकड़ा



कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। जिले की जसरासर थाना पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 46.330 टन ग्रिट से भरा एक डम्पर जब्त किया है। डम्पर चालक के पास खनिज परिवहन के कोई दस्तावेज नहीं थे। बुधवार को थाना अधिकारी राकेश स्वामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर जसरासर पर नाकाबंदी की हुई थी। नाकाबंदी के दौरान एक डम्पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने रुकवाकर जांच की तो चालक ने अपना नाम गंगासिंह पुत्र जेतुसिंह जाति राजपूत, निवासी रोड़ा पीएस नोखा बीकानेर बताया। चालक के पास वाहन और ट्रांसपोर्ट के कागजात तो थे, लेकिन ई-रवाना, ई-टीपी या रॉयल्टी जैसी कोई खनिज परिवहन संबंधी परमिट नहीं थी। डम्पर में ग्रिट भरा हुआ था। वजन करवाने पर कुल 46.330 टन ग्रिट होना पाया गया। बिना दस्तावेज अवैध परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने डम्पर को सीज कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार्रवाई टीम में एसआई भागीरथराम, कांस्टेबल कैलाश और मिण्टू शामिल थे।

कारगिल विजय दिवस पर पूर्व कर्नल राठौड़ का सम्मान

समारोह में वीर शहीदों को किया नमन



कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कारगिल योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन शिविका गार्डन में किया गया। इस अवसर पर मरुधर बीकाणा महासंघ की ओर से पूर्व कर्नल प्रहलाद सिंह राठौड़ का सम्मान किया गया। इस दौरान पूरा सभागार भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से गूंज उठा। कर्नल राठौड़ ने अपने सम्मान के लिए मरुधर बीकाणा महासंघ का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी तथा वे सैनिकों के प्रति कृतज्ञ होंगे। उन्होंने कहा कि कारगिल के दुर्गम पहाड़ों पर हमारे सैनिकों ने जो विजय गाथा लिखी, वह इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। हमें अपने वीर सैनिकों के बलिदान पर गर्व है और यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम उनके परिवारों का सदैव सम्मान करें। इस अवसर पर मरुधर बीकाणा महासंघ के अध्यक्ष श्याम तंवर और उपाध्यक्ष डॉ. सतीश कच्छावा ने कर्नल राठौड़ के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन उन वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद करने का दिन है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना भारत की सीमाओं की रक्षा की। हमें उनके साहस पर हमेशा गर्व रहेगा। द्रास की बर्फीली चोटियां आज भी उस संघर्ष की गवाह हैं, जहां भारतीय सैनिकों ने असंभव दिखने वाली परिस्थितियों में भी विजय हासिल की। समारोह में मरुधर बीकानेर महासंघ के कोषाध्यक्ष दुष्यंत तंवर, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामनिवास मीणा, ओम सोनी, पूर्व सचिव बीडीए मनोहर सिंह, डॉ. टी.के. गहलोत, श्याम पड़िहार, राजेंद्र भार्गव, ओम सोनी, टेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य यशपाल आचार्य, मोहम्मद रफीक, सहायक निदेशक राजेंद्र तंवर, उद्योगपति सुनील गहलोत, लोकेश सीरिया, प्रवीण अरोड़ा, सुनील कनौजिया ने राठौड़ का सम्मान किया।

नकबजनी की वारदात का पर्दाफाश करवाने की मांग

बारू के ग्रामीणों ने बाप थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बाप (सुरेश कुमार खत्री)। बाप थाना क्षेत्र के बारू गांव में बीते माह10 जून की रात्रि को हुई चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को पीड़ित परिवार के साथ ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बाप थाने पहुंचकर एसएचओ महेश श्रीमाली से मुलाकात की। प्रार्थी ईश्वर सिंह पुत्र नाथू सिंह ने बताया कि उसके छोटे भाई मनोहर सिंह पुत्र नाथू सिंह के घर में 10 जून 2026 की रात्रि को चोरी की बड़ी वारदात घटित हुई थी। अज्ञात चोर नकदी सहित आभूषणों पर अपना हाथ साफ कर गए थे। पीड़ित परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। चोरी की वारदात का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। इस वजह से पीड़ित परिवार सदमे में है। ग्रामीणों ने चोरी की वारदात का जल्द से जल्द पर्दाफाश करवाने की मांग की।

भाखरिया पंचायत में किया पौधारोपण



कामयाब कलम रिपोर्टर।

बाप (सुरेश कुमार खत्री)। पंचायत समिति बाप क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाखरिया में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। प्रशासक प्रतिनिधि ओमाराम जयपाल ने बताया कि विभिन्न किस्म के पौधों का रोपण कर उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली गई। इस मौके बोलते हुए नायब तहसीलदार भुराराम विश्नोई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनकी सार सभाल करनी चाहिए। इस मौके सरपंच पेम्पो मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी मानसिंह मीणा, पटवारी भूराराम मेघवाल, कनिष्ठ सहायक मानकराम मेघवाल आदि उपस्थित थे।

डबल इंजन सरकार विकास को उतार रही धरातल पर - सुमित गोदारा

खाद्य मंत्री ने लूणकरनसर में करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण - शिलान्यास

स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और खेल को मिली नई मजबूती



कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगातें दीं। डांडूसर, जगदेववाला, दाउदसर, लालसर आंकड़ेवाला तथा जामसर क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े काम शुरू/सम्पूर्ण हुए। श्री गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। डबल इंजन सरकार की नीतियों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी के तहत जामसर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं, सड़क संपर्क, खेल सुविधाओं और सामुदायिक ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क विकास की आधारशिला है। बेहतर सड़कें व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान करती हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' और मुख्यमंत्री के 'विकसित राजस्थान' के विजन को साकार करने के लिए गांव-गांव में काम हो रहे हैं। 'विकसित लूणकरणसर, शिक्षित लूणकरणसर' के लक्ष्य के साथ क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनआकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी ताकि हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर मिले। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पूर्व सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स गणेश वूलन मिल्स - 8 इण्डस्ट्रीयल एरिया रानी बाजार, वार्ड नं. 50 बीकानेर 334001 है, जिसका रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस् में पंजीयन संख्या 137/75 हैं और ऑन लाईन पंजीयन नं. **FORM-A/OFFLINE/2026/68116** बीकानेर में स्थित है। इस फर्म में श्री RAJGOPAL RATHI HUF (कर्ता राज गोपाल राठी पुत्रश्री माल चंद राठी), अनिल गणपत राठी पुत्रश्री गणपत राठी, अमित राठी पुत्रश्री गजानंद राठी कुल तीन भागीदार थे। इस फर्म में दिनांक 18.07.2026 को श्री राज गोपाल राठी पुत्रश्री माल चंद राठी (व्यक्तिगत) फर्म में नए भागीदार के रूप में शामिल हो गए एवं दिनांक 18.07.2026 को RAJGOPAL RATHI HUF (कर्ता राज गोपाल राठी पुत्रश्री माल चंद राठी) को उक्त फर्म से स्वेच्छा से रिटायर कर दिया गया। वर्तमान में इस फर्म में मात्र तीन भागीदार, अनिल गणपत राठी पुत्रश्री गणपत राठी, अमित राठी पुत्रश्री गजानंद राठी और श्री राज गोपाल राठी पुत्रश्री माल चंद राठी (व्यक्तिगत) रहे हैं। इस सम्बन्ध में किसी को कोई एतराज हो तो 14 दिवस की अवधि में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, चौपड़ा कटला, रानी बाजार, बीकानेर में आपत्ति दर्ज करवा देवें, बाद अवधि पुनः पंजीयन सम्बन्धी कार्यवाही करवा ली जाएगी।

मैसर्स गणेश वूलन मिल्स
श्री अनिल गणपत राठी पार्टनर
मों-9341158048

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 0117680700023845, 3987, 4134, 4428, 4980, 5039, 5059, 5122, 5145, 5171, 5175, 5218, 5377, 5412, 5426, 5470, 5554, 5563, 5586, 5730, 5753, 5862, 5889, 5921, 5926, 0117680730048252, 8983, 9558, 0891, 1816, 1820, 3030, 3646, 4952, 5050, 5901, 6915, 6916, 7007, 2035, 2036, 2037, 2038, 2040, नोखा, 0135170700014779, 5034, 5209, 5238, 5244, 5369, 5426, 5649, 5796, 5880, 5881, 5953, 6015, 6050, 6064, 6079, 6085, 6171, 6234, 6252, 6272, 6304, 6325, 6387, 6516, 6537, 6545, 6597, 6600, 6609, 6610, 6633, 0135170730039828, 9857, 9977, 0054, 0055, 0169, 0931, 1069, 1213, 1246, 1531, 2205, 2399, 2470, 2536, पंच शती सर्कल, 0115300700028942, 9032, 9790, 9812, 9987, 0347, 0349, 0356, 0358, 0387, 0414, 0423, 0549, 0554, 0714, 1083, 1125, 2271, 0115300730076793, 7260, 9889, 1698, 2123, 2285, 2658, 3856, 3880, 4044, 4276, 4632, 6027, 8296, 8328, 8346, 8368, 8472, 8208, 8217, 8218, 8219, 8220, 8221, 8222, 8224, श्री डुंगरगढ, 0135300700013882, 4093, 4712, 4868, 4869, 5252, 5346, 5423, 5466, 5468, 5480, 5481, 5482, 5494, 5514, 5546, 5557, 5561, 0135300730039032, 9542, 0314, 2914, 3005, 3150, 3257, 6572, 6574, 6576, 6578, 6579, 6584, गंगानगर, रायसिंह नगर, 0135100700035930, 6588, 6681, 6967, 7008, 7080, 7098, 7109, 7138, 7633, 7770, 8133, 8352, 8425, 8432, 8520, 8746, 8979, 9124, 9560, 9609, 9690, 9824, 9942, 1070, 0135100730042701, 3380, 5327, 6153, 6728, 7136, 7547, 8334, 8841, 9148, 5008, 5010, रविन्द्र पथ, 0117420700036946, 7381, 8381, 9076, 9209, 9236, 9266, 9278, 9281, 9310, 9353, 9388, 9447, 9458, 0117420730043175, 3237, 4253, 4716, 5295, 5965, 8196, 8225, 5592, 5594, 5595, 5600, सुखाड़िया सर्कल, 0117490700021540, 2083, 2396, 2941, 0117490730024890, 5054, 6366, 7055, 7761, 1393, सूरतगढ राजस्थान, 0135560700023966, 4802, 5744, 6153, 6187, 6234, 6838, 6906, 6948, 7045, 7068, 7173, 7273, 7282, 7299, 7311, 7593, 7655, 7696, 7750, 7868, 8022, 8031, 8131, 8211, 8243, 8302, 8308, 8309, 8314, 8315, 8358, 8410, 8411, 0135560730053636, 4170, 4741, 5105, 6980, 7261, 7262, 7512, 7920, 8578, 8896, 8969, 9160, 9540, 9642, 9838, 0008, 0584, 0615, 0775, 1420, 1421, 1422, 1464, 1639, 2756, 2843, 2876, 2915, 2989, 3010, 3054, 3128, 1595, 1598, 1600, 1601, 1612, 1615, 1618, 1619,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर

क्रमांक :-671 दिनांक:- 27.07.2026

(निविदा सूचना संख्या 22 / वर्ष 2026-27 (NIB Code No. PWD2627A1807)

राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों द्वारा एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / के लो.नि.वि. / डाक एवं दूरसंचार / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के संवेदकों के समकक्ष (पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. के नियमों) हो उनसें निर्धारित प्रपत्र में विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 05.08.2026 तक दोपहर 3ः00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र उसी दिनांक 05.08.2026 की मध्यान्ह 04.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त कर उसी समय उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जायेगी । निविदा की अन्य शर्तें एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्तें व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipron-line.org, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

कुल कार्यों की संख्या 02 कुल लागत 0.66 लाख।

UBN No.1.
PWD2627WSOB07652
PWD2627WSOB07653

(पीयूष सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि.
सा. नि. वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/13228/2026

कार्यालय भू-सम्पत्ति अधिकारी
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

निविदा सूचना संख्या 04 (2026-2027)

मुख्यालय का नाम	कार्यालय भू–सम्पत्ति अधिकारी
कार्य का नाम	स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य।
निविदाओं की कुल लागत	रु. 886.59 लाख
निविदा बेचने की अंतिम तारीख	23.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख	03.08.2026 को दोपहर 05.00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख	05.08.2026 को दोपहर 11:00 बजे पश्चात्

UBN : SKA2627WSOB00054 To SKA2627WSOB00069

आर.पी.डब्ल्यू.ए. 100 एवं Rajasthan Transparency in Public Procurement act 2012 की शर्तें लागू होंगी।

नोट :– निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.raubikaner.org, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp** देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/26/8012 भू-सम्पत्ति अधिकारी

कार्यालय उप वन संरक्षक, बीकानेर

ईमेल-dfobkn@gmail.com & dcf.bknr.forest@rajasthan.gov.in
पब्लिपार्क,बीकानेर फोन- 0151-2544951
क्रमांक एफ () भण्डार / उवसंबी/2027-26/798 दिनांक:-24.07.2026

Notice Inviting Bid No. 07/2026-27

Bids for supply of RCC Post (Pillar) at various sites in Range kolayat, Bikaner South, Lunkaransar are invited from interested bidders on 02.00 P.M. Date 07.08.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in website. The approximate value of the procurement is **Rs. 23.19 lakh**.

NIB- FOR2627A0818,
UBN No – FOR2627GLOB01093

Deputy Conservator of Forest Bikaner

DIPR/C/13257/2026

राजस्थान सरकार
कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर (राज.)
Telefax No. 0151-2226012,
Email :- bda@rajasthan.gov.in
क्रमांक बी.वि.प्रा./ निर्वाचन शाखा/2026-27/23718856 दिनांक:- 30.07.2026

-: विज्ञप्ति :-

कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर में निम्नलिखित भूखण्ड का मास्टर प्लान 2043 के अनुसार उक्त भूमि का भू-उपयोग मिश्रित भू-उपयोग हेतु प्रावधानित है। जिसमें आवेदक द्वारा उक्त भूमि का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ में भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबध में कोई आपत्ति / सुझाव देने हो तो वे विज्ञप्ति प्रकाशन होने की तिथि से 07 दिवस (राज्य सरकार के आदेश दिनांक 10.06.2026 की पालना में) में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, बाद अवधि में कोई उज्र/ एतराज स्वीकार नहीं होगा।

क्र.सं.- 1., नाम आवेदक- श्री अभिषेक कुमार अरोड़ा एवं श्री विश्वास अरोड़ा पुत्रगण श्री कस्तूरी लाल अरोड़ा, ग्राम/ खसरा सं/योजना/भू.सं.- चाणक्य नगर भूखण्ड संख्या 11-ए नई शिवबाड़ी रोड़ के खसरा संख्या 70 ग्राम बीकानेर, क्षेत्रफल- 2415 वर्गफीट, वर्तमान भू-उपयोग- आवासीय, चाहा गया भू-उपयोग- मिश्रित।

उपायुक्त
बीकानेर विकास प्राधिकरण बीकानेर